लोक सभा अध्यक्ष ने 22वें कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों को याद किया

नई दिल्ली, 26 जुलाई, 2021: संसद के मानसून सत्र के दौरान लोक सभा की अध्यक्षता करते हुए लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि दी एवं देश के शूरवीरों को उनके अदम्य साहस व बलिदान के लिए याद किया।

अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा: "आज हम भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम और बलिदान की याद में कारगिल विजय की 22वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अवसर पर, यह सभा भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और उनकी वीरता का अभिनंदन करती है, जिन्होंने कारगिल युद्ध जीतने के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए दुर्गम बाधाओं, प्रतिकूल क्षेत्र और मौसम तथा ऊंचाई पर स्थित दुश्मन पर काबू पाया। राष्ट्र उन सभी शहीदों का कृतज्ञ है, जिन्होंने इस निमित्त अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया। आज के दिन हम उन शहीदों के परिवारों के प्रति भी अपना अत्यधिक आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया।"